हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

04 आवारा कुत्तों से परेशान लोग नपा नहीं चला रही अभियान



10 गरबा महोत्सव में दिखा देशभक्ति का रंग हजारों...





## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री गौर आज जिले के प्रवास पर रहेंगी

**नर्मदापुरम।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग कृष्णा गौर 2 अक्टूबर को जिले के प्रवास पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार राज्यमंत्री कृष्णा गौर का दोपहर 2 बजे नर्मदापुरम आगमन होगा तथा 02:30 बजे पुलिस लाईन में विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। तत्पश्चात 3 बजे नर्मदपुरम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

### आज आयोजित की जाएगी विशेष ग्राम सभा

**नर्मदापुरम।** जनजातीय समुदाय की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं से उन्हें सीधे जोड़ने के उद्देश्य से जिले के 83 जनजातीय बहुल्य ग्रामों में 'आदि सेवा केंद्र' स्थापित किए गए हैं। इस संबंध में 2 अक्टूबर को सभी 83 ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्रामों में स्थापित आदि सेवा केंद्रों पर प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित होगी। इन केंद्रों पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी अंकित किए गए हैं।

### जेसीबी, पोकलेन और नपा के कर्मचारी रहेंगे मौजूद

# मां नर्मदा के जल को प्रदूषण से बचाने की पहल, हर्बल पार्क घाट पर बनाया विसर्जन कुंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सुरक्षित मूर्ति विसर्जन एवं मां नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नगरपालिका द्वारा हर्बल पार्क घाट पर कृत्रिम कुंड बनाकर तैयार किया गया है। मूर्ति विसर्जन के दौरान कृत्रिम कुंड पर नपा के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही क्रेन, पोकलेन और जेसीबी उपलब्ध रहेगी। जिससे कि श्रद्धालुगण अपनी मूर्ति का विसर्जन आसानी से कर सकें। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बुधवार शाम को उपयंत्री आयुषी रिछारिया और कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी द्वारा कृत्रिम कुंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि मूर्ति विसर्जन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।

नपा द्वारा मूर्ति विसर्जन के लिए नगर के हर्बल पार्क में विसर्जन कुंड बनाए गए।



### अधिकारियों ने किया निरीक्षण



जिल में शांति व्यवस्था बनाने अधिकारी कर रहे सतत निरीक्षण, ले रहे जायजा, विसर्जन स्थलों पर तैनात पुलिस बल

### नर्मदापुरम आयोजन स्थलों, विसर्जन स्थल सहित अन्य स्थान का किया निरीक्षण

जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरा प्रशासनिक अमला सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अतरिक्त जिला दंडाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य कार्यपालिक मजिस्ट्रेट निरंतर क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी तहसीलों में अधिकारियों द्वारा रावण दहन स्थल, नवदुर्गा पंडालों, विसर्जन स्थलों एवं कृत्रिम विसर्जन कुंडों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही मुख्य घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से होमगार्ड बल की भी तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च भी निकाला गया, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का संदेश आमजन तक पहुंचे। जिले के समस्त अनुविभागो में शांति समिति दशहरा आयोजन समिती आदि के साथ तहसीलस्तर पर बैठक आयोजित कर यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी कार्यक्रम शांति एवं सद्भाव के साथ संपन्न हों। जिले में आगामी सभी पर्वों के लिए सुदृढ़ कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# कबाड़े की दुकान में लगी आग, मकान हुआ खाक

### मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी रोड डबल फाटक पर मंगलवार रात 10 बजे कबाड़े की दुकान में आग लग गई। आग कुछ ही देर में विकराल रूप ले गई और 10 से 15 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। हादसे में कबाड़े की दुकान के साथ बाजू की सेंटिंग दुकान और एक मकान भी चपेट में आ गए।

सूचना मिलते ही नगर पालिका की दो दमकल मौके पर पहुंचीं। पायलट सुरजीत राजपूत और मुकद्दर खान ने करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से कबाड़ और सेंटिंग दुकान का सामान सहित मकान में रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे और सड़क व ओवरब्रिज से आगजनी का नजारा देखते रहे। कई लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडेय ने बताया कि आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। आगजनी का केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### पात्र हितग्राहियों को राशन सामग्री एवं राशन वितरण के लिए किया जाएगा जागरूक

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत पात्र हितग्राहियों को जागरूक करने और राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित 5.28 करोड पात्र हितग्राहियों को उनकी संशन सामग्री की मासिक हकदारी के प्रति जागरूक करना है। अन्त्योदय परिवार को 35 किलो प्रति परिवार एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवार को 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न निःशुल्क 1 किग्रा नमक रू. 1 किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को 1 किलोग्राम शक्कर रू. 20 किलो की दर से वितरण किया जा रहा है। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि 02 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में राष्ट्रीय खाद्य अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवार एवं उनको वितरित राशन सामग्री का वाचन संबंधित उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# बंगाली समाज द्वारा कालीबाड़ी में हवन, पूजन के बाद हुआ विशाल भंडारा, सिंदूर खेला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम रोहना सांवलखेड़ा में प्रस्तावित कालीबाड़ी मंदिर स्थल पर विराजित माता जगदंबा के दरबार में बुधवार को नियमित पूजा के बाद हवन हुआ। माता के हवन के बाद कन्या भोजन एवं भंडारा आयोजित किया गया।




### सिंदूर खेला आज

उत्सव के समापन दिवस गुरुवार दशहरे के अवसर पर दरबार में सिंदूर खेला उत्सव होगा। इस दौरान माता सौभाग्यवती महिलाओं को सौभाग्य का वरदान देंगी। भक्त माता के साथ सिंदूर खेलेंगे। इसके बाद अपराजिता पूजा होगी, बाद में विसर्जन किया जाएगा।

### दो दिन मांसाहारी पदार्थ विक्रय पर रोक के नप ने दिए आदेश

**सोहागपुर।** सोहागपुर नगर परिषद ने दो दिवस तक सोहागपुर शहर के बाजार में मांसाहारी खाद्य पदार्थ विक्रय पर रोक के आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार एक अक्टूबर को महानवमीं तथा दो अक्टूबर को गांधी जयंती एवं विजयादशमी पर्व के कारण मांस विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से उक्त आदेश जारी किए गए हैं। नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि उक्त आशय के आदेश पत्र शहर के सभी मांस विक्रय लाइसेंसधारियों को दिए गए हैं।

### नर्मदापुरम बंगाली एसोसिएशन करेगा भव्य कालीबाड़ी का निर्माण, दुर्गोत्सव के दौरान दत्ता परिवार ने पिता व बुआ की स्मृति में लिया भूमि दान का संकल्प

**नर्मदापुरम।** महानवमी को कन्या पूजन, हवन, भोग (प्रतिदिन भंडारे) का आयोजन किया गया। दुर्गोत्सव के दौरान अपराह्न एक प्रसन्नता का समाचार साझा हुआ जिसमें दत्ता परिवार ने पिता स्व शिवाजी दत्ता तथा बुआ स्व सुश्री रोमा दत्ता की स्मृति में कालीबाड़ी निर्माण हेतु भूमि दान का संकल्प लिया। उपस्थित समाज के सदस्यगण भी जल्दी ही एक भव्य कालीबाड़ी के निर्माण हेतु संकल्पित हुए जिसके माध्यम से बंगाली संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। इसके बाद समाज के सदस्यों ने इटारसी रोड स्थित भूमि पर पदार्पण प्रणाम किया। संध्या को समाज के सभी लोगों ने मिलकर धुनुची नृत्य कर माँ को प्रसन्न करने के लिए आनंद उत्सव मनाया। आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के बच्चों और सामाजिक महिलाओं के बंग वाहिनी ग्रुप ने नृत्य संगीत प्रस्तुत किया। धूमधाम के साथ बंगाली समाज इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष करता चला रहा है जो इस बार 31 वर्ष में आयोजित हो रहा है अग्निहोत्री गार्डन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कल विजयादशमी को प्रातः दर्पण विसर्जन, अपराह्न में सिंदूर खेला उत्सव, विसर्जन शोभायात्रा और सायं में विजया सम्मेलनी का कार्यक्रम रहेगा।

### 69वीं राज्य स्तरीय शालेय आर्चरी व फुटबॉल प्रतियोगिता 4 अक्टूबर से

**नर्मदापुरम।** 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय आर्चरी एवं फुटबॉल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक गांधी मिनी स्टेडियम एवं श्रीमंत राजमाता सिंधिया प्रशाल खेड़ा इटारसी में आयोजित किया जाएगा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीतासरन शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह ठाकुर, विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, विधायक सिवनी मालवा प्रेम शंकर वर्मा एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी पंकज चौरे मौजूद रहेंगे।

# श्रीरामलीला महोत्सव : दशहरा मैदान पर हुआ मेघनाथ का वध, रावण दहन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामलीला लीला महोत्सव में दशहरा मैदान में दिखाया गया कि रावण अपने भाई कुम्भकरण के वध के बाद चिंतित होता है तब उसका पुत्र इंद्रजीत मेघनाद रावण की आज्ञा पाकर युद्ध भूमि में पहुँचता है जहाँ उसका घनघोर युद्ध श्रीराम के अनुज श्रीलक्ष्मण से होता है, मेघनाद लक्ष्मण पर अनेकों अस्त्र शस्त्रों और ब्रम्हास्त्र का प्रयोग करता है। अपावन यज्ञ करता है लेकिन श्रीराम जी की कृपा से वह भी असफल हो जाता है और श्री लक्ष्मण जी के बाणों से वह भी वीरगति को प्राप्त होता है।

मेघनाद के विशाल पुतले का रामलीला समिति के प्रबंधक अरुण शर्मा के साथ सिटी मजिस्ट्रेट ब्रजेन्द्र रावत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने अग्नि बाण छोड़कर दहन किया। लीला में श्रीराम - प्रतीक दुबे, लक्ष्मण अक्षय मिश्रा, जानकी यश शुक्ला, भरत समर्थ तिवारी, शत्रुघ्न शिवाय शुक्ला, हनुमान दीपेश व्यास, रावण सुभाष परसाई, मेघनाद गोपाल शुक्ला और सुग्रीव की भूमिका दीपक साहू ने आज मेघनाद के विशाल पुतले का दहन अग्निबाण छोड़ कर दहन किया। 2 अक्टूबर विजयादशमी को दशहरा मैदान पर रावण वध की लीला का मंचन होगा तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। जिसमें देवी जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी।




## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज करेगा अपने 100वें वर्ष में प्रवेश

# 'भारत के स्वतंत्र के होने के बाद भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प संघ ने अपने हाथों में लिया'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 99 साल की यात्रा पूर्ण कर 100 साल में प्रवेश कर रहा है। 1925 में संघ के शिल्पकार और स्वतंत्रता संग्राम के नायक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने जो यात्रा मात्रा 17 स्वयंसेवकों के साथ नागपुर स्थित घर सुक्रवारी से प्रारंभ की। आरएसएस की इतने वर्षों की यात्रा में तमाम चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही स्वंत्रता के बाद संघ पर विपरीत परिस्थितियों के कारण प्रतिबंध भी लगा लेकिन संघ और उसके स्वयंसेवकों के मूल मंत्र चरैवेति चरैवेति ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा और वर्तमान में डॉ हेडगेवार द्वारा रोपा गया बीज आज विशाल वटवृक्ष के तौर पर देश नहीं अपितु विश्व के अनेक देशों में समाज जागरण, समरसता, स्व-जागरण का कार्य कर रहा है। संघ के कार्य पद्धति पर विचार हुआ तो डॉ हेडगेवर का मनना था की 800 साल से अधिक गुलामी के कारण भारत की संस्कृती पर बाहरी प्रभाव पड़ा है जिसे केवल राजनैतिक सक्रियता से नहीं बल्कि व्यक्ति के अपने राष्ट्र, संस्कृति के प्रति स्व का बोध कराने से होगा, तब डॉ हेडगेवार शाखा का शिल्पिकरण किया गया, आजकल यह वाक्य बहुत प्रचलित है संघ को समझना है तो शाखा में आकार देखो की संघ क्या करता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था व्यक्ति निर्माण से देश का पुनः निर्माण संभव है।

वर्तमान सर संघचालक मोहनराव भागवत भी कहते हैं कि संघ के शाखा में सिर्फ व्यक्ति निर्माण का कार्य होता है। मात्र 17 स्वयं सेवकों के साथ शुरू हुई यात्रा आज देश भर मे 81 हजार से ज्यादा शाखा हो गई है। भारत के स्वतंत्र के होने के बाद भारत माँ को पुनः विस्वगुरु बनाने का संकल्प संघ ने अपने हाथों में लिया। संघ ने शुरू से "'न हिन्दू पतित भवेत' कोई भी हिन्दू पतित नहीं है सभी भारत माता के धोरहर हैं" के मूल मंत्र को माना है। संघ के आलोचक ओर भारत के विख्यात पत्रकार कुशवंत सिंह, ने कहा था कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान, जब सरकारी तंत्र विफल रहा था, तब आरएसएस ने बड़ी संख्या में सिखों की सहायता की थी। दूसरे सर संघचलक श्री गुरु ने कहा कि ये जीवन राष्ट्र का है, राष्ट्र को ही अर्पित है, ये मेरा नहीं है' राष्ट्र को समर्पित स्वयं सेवकों को कार्य करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए की समाज के उत्थान के लिए सीधे हाथ से किए हुए कार्य की जानकारी उलटे हाथ को भी न हो अर्थात श्रेय न लें। विकसित भारत और 2047 तक "विश्वगुरु बनाने की भारतीयों की आकांक्षाओं के लिए समग्र समाज की आवश्यकता है ताकि वे आगे आकर एक महान राष्ट्र के निर्माण के लिए संगठित होकर के काम करें। जो राष्ट्र सेवा, समर्पण, सामाजिक समरसता का हावन राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रथम सर संघचालक ने प्रारंभ किया था उसमे हम सभी शामिल होकर एक आहुति प्रदान कर राष्ट्र और समाज के पुनः कल्याण के लिए सतत प्रयास करें।



## खबर संक्षेप



### श्रीरामलीला का हो रहा मंचन

**शाहपुर।** ग्राम भौरा में लगभग 85 वर्षों से रामलीला का मंचन हो रहा है। यहां भगवान शंकर मंदिर के प्रांगण में रामलीला चल रही है। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। रामलीला मंडल भौरा के द्वारा स्मारिका का नाम की पुस्तक का विमोचन किया गया था। ग्राम भौरा के स्थानीय कलाकारो द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व और दशहरे पर्व को मनाते हुए प्रभु श्री राम की रामलीला का आयोजन प्रतिदिन रात 9 बजे से रामलीला मंच के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें वरिष्ठ जन का सहयोग और युवा वर्ग का धार्मिक उत्साह भी सम्मिलित है। ग्राम के पूर्व सरपंच अशोक सिरोठिया ने बताया कि संस्कृति और धर्म का महत्व लोगों को रामलीला के माध्यम से बताते हैं। इस क्षेत्र में एकमात्र भौंरा ग्राम में श्री रामलीला का मंचन किया जाता है। वरिष्ठ एवं पूर्व रामलीला कलाकार गोवर्धन तिवारी भौंरा ने बताया कि कि जब वे बाल्य रूप में थे, उस समय कक्षा छठवीं से ही उन्होंने प्रभु श्री राम के भाई लक्ष्मण का रामलीला स्वरूप रोल निभाया था। आज उन्हें श्री राम लीला मंच पर यह सब देखने पर बहुत खुशी होती है।

### भौंरा में दशहरे पर सजेगी गजलों की महफ़िल

**भौंरा।** गुरुवार को दशहरे के पावन अवसर पर भौंरा नगर के बाजार चौक में दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य गज़ल संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन समिति के 47वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। प्रतिवर्ष दशहरे की रात गज़ल संध्या का आयोजन नगर की परंपरा बन चुका है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रोता शामिल होते हैं। समिति के अध्यक्ष मोंटू जोगी ने बताया कि इस वर्ष गज़ल संध्या में विशेष रूप से मुंबई के सुप्रसिद्ध गज़ल गायक अमन शाबरी और कानपुर की ख्यातनाम गायिका शिबा परवीन अपनी प्रस्तुति देंगे। इनके सुरों और गज़लों की मिठास से नगरवासी एक यादगार सांस्कृतिक संध्या का आनंद उठाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री डॉ. डी.डी. उईके, प्रभारी मंत्री नरेश शिवाजी पटेल तथा शाहपुर विधायक गंगा सज्जन सिंह शिरकत करेंगे। समिति अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंच, साउंड सिस्टम और बैठक व्यवस्था को लेकर विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक परंपरा को सफल बनाने की अपील की है।

### अपने बुजुर्गों की सेवा करना हमारा दायित्वः संजय शुक्ला



**बैतूल।** राज्य आनंदम संस्थान के अंतर्गत पंजीकृत संस्था प्रत्याशा आनंद क्लब ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विकास वार्ड की संजय कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी में वृद्धजनों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पप्पी शुक्ला द्वारा वृद्धजनों का शाल श्रीफल से सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा एवं राजा सूर्यवंशी द्वारा बुजुर्गों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संजय शुक्ला ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा करना हम सबका दायित्व है, वह घर के स्तंभ होते हैं। विकास मिश्रा द्वारा कहा गया कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही सभी कार्यों में भगवान भी हमें सहयोग करते हैं एवं कार्य सफल करते हैं। आनंद क्लब की अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने कहा कि घर के बुजुर्ग बरगद के पेड़ की तरह होते हैं, जिनकी छांव में परिवार के सभी लोग फलते-फूलते हैं। निमिषा शुक्ला ने बताया कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों के आशीर्वाद से सभी कार्य सफल होते हैं।

## आवारा कुत्तों के डर से लोगों का रात में बाहर निकलना हुआ मुश्किल

# आवारा कुत्तों से परेशान लोग नपा नहीं चला रही अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य क्षेत्र में आवारा कुत्ते एक बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। शायद ही ऐसा कोई मोहल्ला या फिर गली होगी, जहां कुत्तों का झुंड न हो। रात के समय कुत्ते ज्यादा हमलावर हो जाते हैं और झुंड बनाकर लोगों पर हमले करते हैं। इसके अलावा जगह-जगह गंदगी भी फैलाते है। कुछ क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का इतना आतंक है कि लोग रात के समय गली मोहल्लों में बाहर निकलने में डर रहे हैं, लेकिन नगरपालिका द्वारा शहर में आवारा कुत्तों को पकडऩे की मुहिम पिछले लंबे अर्से से नहीं चलाई जा रही है। कुत्तों की समस्या पर काबू पाने के लिए नगरपालिका के पास न तो कोई कारगार योजना है, न रोकने के लिए कोई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के चंद्रशेखर वार्ड में आवारा कुत्तों का आतंक सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। पिछले एक पखवाड़े में यहां एक पागल कुत्ते ने तीन लोग को काटा। रात के समय शहर के अधिकांश चौराहों, कॉलोनियों के चौराहों व गलियों में कुत्ते समूह बनाकर बैठे रहते। इस दौरान सड़क पर दोपहिया वाहन या पैदल निकलने वाले लोगों पर ये दौडकर अचानक हमला कर देते हैं। ऐसे में दुर्घटना का भय भी बना रहता है। जिन क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या ज्यादा है, वहां के रहवासी, रात में बच्चों को भी अकेला नहीं निकलने देते।



**अभियान चलाएंगे**

दशहरा के बाद आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान तेज किया जाएगा। नगरपालिका द्वारा इसका टेंडर आगे बढ़ाकर आवारा कुत्तों को पकडऩे के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को लगाया जाएगा।

-श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, अध्यक्ष, नगरपालिका बैतूल

### आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं

शहर में कुत्तों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक शहर में आवारा कुत्तों की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ, जिसकी मुख्य वजह नपा द्वारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना है। नगरपालिका के पास शहर में आवारा कुत्तों का कोई आंकड़ा नहीं है। और उनकी जनसंख्या सीजन दर सीजन बढ़ते ही जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुत्ते झुंड में सड़क पर घूमते हैं। पैदल चलने वालों पर झुंड द्वारा हमला किया जाता हैं। इससे लोगों के जान पर बन आती है।

### आवारा कुत्तों से छोटे बच्चों के लिए बड़ा खतरा

छोटे बच्चों के लिए आवारा कुत्ते ज्यादा बड़ा खतरा हैं। कुत्तों के लिए छोटे बच्चे आसान शिकार होते हैं। पिछले दिनों शहर के कई क्षेत्रों से आवारा पागल कुत्तों द्वारा छोटे बच्चों को काट लेने की खबरें आई, इसके बाद भी नपा ने अब तक आवारा कुत्तों को पकडऩे के लिए दल गठित नहीं किया है। जिसके कारण कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। जिला अस्पताल की बात करे, तो रोजाना औसतन दो से तीन केस डॉग बाइट के पहुंच रहे है। जिन्हें एंटी रैबीज के इंजेक्शन लग रहे है। जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे का कहना है कि कुत्ते के काटने पर एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। जिला अस्पताल में यह टीका निःशुल्क लगाया जाता है।

### पशुपालक भी करते है लापरवाही

जानकार बताते है कि आवारा कुत्तों में रैबिज का खतरा अधिक रहता है। ऐसे कुत्ते यदि किसी इंसान को काट ले और उसका समय पर इलाज न कराया जाये तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इधर कुछ पशुपालक भी कुत्तों को पालते जरूर है, लेकिन उन्हें समय पर टीका नहीं लगवाते है। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ अन्य लोगों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि पालतू पशुओं, कुत्तों के लिए भी घातक है। जानकार बताते है कि यदि कुत्तों को समय-समय पर वैक्सीन लगाया जाये और इसके बाद कुत्ते किसी को काटते भी है तो रेबीज का खतरा कम रहता है। इसलिए पशुपालक को समय-समय पर टीका लगवाना चाहिए, अन्यथा पालतू कुत्तों के काटने की घटना बाद पीड़ित इसकी शिकायत या पुलिस में मामला भी दर्ज करवा सकता है।

## आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

# झुंड बनाकर करते हैं पशुओं पर हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। आवारा कुत्ते लोगों को काटकर घायल कर रहे है। इसके बाद भी नगर परिषद इन कुत्तों से लोगों को राहत दिलाने की कोई पहल नहीं की है। हालात यह है कि इन दिनों भैंसदेही नगर के वार्डो में आवारा कुत्तों की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ चुकी है कि जिधर देखो उधर आवारा कुत्ते ही नजर आते है। जब लोग शाम के समय भोजन के बाद टहलने निकलते है तो यह कुत्ते लोगों पर भोंकते है या काटने के लिए दौडते है। सबसे ज्यादा कुत्तों की संख्या शीतला माता चौक से अटल बिहारी स्टेडियम चौक से लेकर पीएमश्री कन्या शाला मार्ग पर रहती है। यह कुत्ते पशुओं पर झुंड बनाकर हमला भी करते है। जिससे लोगों में दहशत है। हालात यह है कि कुत्तों के भय से लोगों के हाथ में डंडा होने के बाद भी चेहरे पर भय की लकीरें स्पष्ट दिखाई पड़ती है, वहीं आवारा कुत्तों के हमले के भय से छोटे बच्चों का बाहर खेलना भी बंद हो गया है। लोगों ने बताया कि आवारा कुत्तों की अचानक झुंड टूट पडऩे से बच्चों का भी घर के बाहर खेलना और घूमना बंद हो गया है। कुत्ते जानवरों के अलावा लोगों को भी शिकार बना रहे है। जिससे रात के समय लोग घर से सड़कों पर टहलने निकलने से भी कतराने लगे है।

**छोड़ेंगे बाहर**

आवारा कुत्तों को पकडने के लिए नगर परिषद द्वारा पिंजरे का इंतजाम कर लिया गया है। नवरात्र के बाद में उनको पकडकर बाहर छोड़ जाएगा।

- मनीष सोलंकी अध्यक्ष नगर परिषद

### नगर परिषद नहीं चला रही अभियान

आवारा कुत्तों को पकडऩे या शहर से बाहर भेजने के लिए नगर परिषद द्वारा कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिसके कारण लोगों में नप की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अभी त्योहारी सीजन चल रहा है। नवरात्रि में लोग देर रात तक देवी दर्शन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आते-जाते है। ऐसे में रात्रि के समय कुत्तों की वजह से उन्हें हमेशा डर बना रहता है कि कहीं कुत्ते उन पर हमला न कर दे। आवारा कुत्तों की वजह से सबसे ज्यादा छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालक चिंतित रहते है। कुत्तों की वजह से लोग बच्चों को बाहर तक नहीं निकलने देते है।

## टीआई मुकेश ठाकुर की पहल से रातों रात भरे गड्ढे, सुचारु हुआ ट्रैफिक

# बरेठा घाट पर पुलिस की तत्परता से जाम से राहत



**भौंरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-47 पर बरेठा घाट में आए दिन लगने वाले जाम से आखिरकार सोमवार को लोगों को राहत मिली। तीन दिन तक लगातार जाम की स्थिति रहने के बाद चौथे दिन पुलिस की तत्परता से यातायात सुचारु रहा। शाहपुर थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में रविवार देर रात पुलिसकर्मियों ने मंदिर वाली टर्निंग पर करीब डेढ़ फीट गहरा और 15 फीट लंबा गड्ढा पेवर ब्लॉक, मुरम और पत्थर डालकर भरा। इसके बाद वन-वे व्यवस्था बनाकर ट्रैफिक को क्लियर कराया गया। एनएचएआई की जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और घाट की पहली टर्निंग पर गड्ढों को भरने का काम किया, लेकिन बरेठा प्लांटेशन से घाट तक के गहरे गड्ढे अब भी वाहन चालकों को परेशान कर रहे हैं। टीआई मुकेश ठाकुर ने बताया कि घाट में मंदिर के पास बने गड्ढे को भरकर रात में ही ट्रैफिक को सुचारु कर दिया गया था। उन्होंने विभाग को पत्र लिखकर पूरे मार्ग पर स्थायी सुधार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बार-बार ट्रक पलटने और खराब होने की घटनाओं से यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है, लेकिन एनएचएआई गंभीरता नहीं दिखा रहा है। बरेठा प्लांटेशन से लेकर घाट के नीचे तक का हिस्सा भारी वाहनों के लिए सबसे खतरनाक साबित हो रहा है। बड़े वाहनों को इस खराब सडक़ के कारण न केवल 2 से 3 लीटर डीजल अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, बल्कि समय भी ज्यादा लग रहा है। संकरी पुलिया और गहरे गड्ढों से वाहन बुरी तरह हिचकोले खाते निकलते हैं।

### आम जनता हो रही परेशान

राहगीरों का कहना है कि बरेठा घाट में आए दिन ट्रक खराब होने या पलटने से जाम की स्थिति बन जाती है। शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र से रेफर होकर आने वाले मरीजों को भी बैतूल पहुंचने में घंटों की देरी हो जाती है। कई बार मरीजों को रानीपुर-घोड़ाडोंगरी मार्ग से घुमाकर ले जाना पड़ता है।

# कांग्रेस ने जनजातीय नायकों का कभी सम्मान नहीं कियाः कमलेश सिंह



**सारनी।** आजादी के 70 साल तक कांग्रेस ने कभी जनजातीय समाज के स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान नहीं दिया, न तो उनके नाम पर शैक्षणिक संस्थाओं का नामकरण किया और न ही स्मारक बनवाये। अब हो रहा है तो कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। सरदार विष्णु सिंह उइके की प्रतिमा अनावरण समारोह में उमड़ी भीड़ एवं 660 मेगावाट की नई यूनिट का वर्क आर्डर जारी होते ही कांग्रेस की बौखलाहट एक दम से बढ़ गई है। भाजपा जिला महामंत्री व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि सरदार विष्णु सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण समारोह एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम था, लेकिन कांग्रेस के दिमाग में हमेशा राजनीति चलते रहती है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में सरदार विष्णु सिंह जी को नमन करने के लिए मौजूद थे। सभी गणमान्य नागरिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बडी संख्या में छात्र छात्राएं भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कुछ स्कूल अपनी झांकी लेकर भी आये थे, उन्ही में से एक स्कूल से नवदुर्गा की झांकी भी आई थी। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने पहले नवदुर्गा के स्वरूप में उपस्थित कन्याओं का सम्मान पूर्वक पूजन किया। उसके बाद मंच पर पहुँचे और कार्यक्रम में सहभागीता की। बौखलाहट में कांग्रेस राजनीतिक दुर्भावना से बेवजह कन्याओं के अपमान का मुद्दा बना रही है।

उन्होंने ने कहा कि अनावरण समारोह से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस ने हवन और यज्ञ का पाखंड रचा। गैर हिन्दू कांग्रेसी जूता पहनकर अग्निकुंड के पास खड़े थे। मुंह पे गुटखा दबाकर हवन डाल रहे थे, जबकि हिन्दू परम्परा में अग्नि को भी देव माना गया है। कांग्रेस को अपने उन नेताओं के लिए सद्बुद्धि मांगना चाहिए, जो महिलाओं को टंच माल, आयटम एवं सर्वाधिक शराब पीने वाली कहकर अपमानित करते। कांग्रेस के मुंह से स्वतंत्रता सेनानी, हिन्दू देवी देवताओं एवं नारी सम्मान की बात शोभा नहीं देती क्योंकि कांग्रेस ने कभी भी इनका सम्मान नहीं किया।

## सरकारी नौकरी का झांसा देकर करते थे ठगी

# पुलिस ने किया अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** सरकारी नौकरी का झांसा देकर लगभग 27 लाख की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार पंकज नायक पिता शेषराम नायक, उम्र 41 वर्ष, निवासी चन्द्रशेखर वार्ड, बैतूल ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि आरोपी अश्विन पिता दिनेश धोटे (32), निवासी गोठी कॉलोनी चक्कर रोड बैतूल ने स्वयं को उच्च अधिकारियों से संबंध रखने वाला बताकर सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। अश्विन ने भरोसा दिलाकर कहा कि वह उसकी पत्नी पूनम नायक जो कि वकील है, को शासकीय एडीपीओ की नौकरी लगवा देगा। इस विश्वास में फरियादी ने अपने व रिश्तेदारों से राशि एकत्र कर आरोपी को शुरुआत में लगभग 5 लाख रुपये दिए। रुपए लेने के बाद आरोपी ने कहा कि चयन हेतु और पैसे लगेंगे एवं अन्य लोगों की भी नौकरी लगाने के नाम पर 26 अक्टूबर 2021 से 22 अप्रैल 2024 की अवधि में अलग-अलग किस्तों में कुल लगभग 27 लाख रुपये फरियादी ने आरोपी के बताए बैंक खातों में जमा किए। आरोपी ने चयन पत्र और ज्वाइनिंग लेटर भी प्रदान किए तथा मेडिकल परीक्षण हेतु भोपाल भेजने की बात कही। आरोपी ने अन्य लोगों से भी शासकीय विभाग एनएचएम, पोस्ट आफिस, रेलवे, महिला बाल विकास अधिकारी, फारेस्ट विभाग, पटवारी एवं एसबीआई बैंक आदि को फर्जी नौकरी लगाने के नाम पर रुपये ठगे थे। चयन पत्र और ज्वाइनिंग लेटर भी प्रदान किए तथा मेडिकल परीक्षण के लिए भोपाल भेजने की बात कही।



### चयन पत्र और ज्वाइनिंग लेटर निकले फर्जी

आरोपी द्वारा दिए गए चयन पत्र और जॉइनिंग लेटर फर्जी व अवैध निकलने पर फरियादी द्वारा आरोपी से जब पैसे लौटाने की मांग की तो आरोपी ने टालमटोल करते हुए धमकी दी कि पुलिस भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। स्वयं को ठगा हुआ महसूस करने एवं धोखाधड़ी का शिकार होने पर फरियादी ने 24 सितंबर 2025 को गंज थाना पहुंचकर सूचना दर्ज करवाई गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी अश्विन पिता दिनेश धोटे, निवासी गोठी कॉलोनी, चक्कर रोड, बैतूल द्वारा छिंदवाड़ा जिले में भी नौकरी लगने के नाम पर लोगों से लगभग 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

### दो अन्य सहयोगी के साथ मिलकर करता था ठगी

प्रकरण के आरोपी अश्विन धोटे पिता दिनेश धोटे (32) निवासी गोठी कॉलोनी चक्कर रोड, बैतूल को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ दो सहयोगी अभिजीत उर्फ वेद प्रकाश निवासी भोपाल एवं आशीष उर्फ मानव निवासी पटना है। आरोपी ने फरियादी पंकज नायक से उसकी पत्नी पूनम नायक को शासकीय एडीपीओ बनाने के नाम से कुल 27 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन करने की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि मानव उर्फ आशीष ने उसे संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल की चयनित लिस्ट दिया था, जिसमें पूनम का नाम पांचवें नंबर पर था। बाद उसे संजय एवं श्रीकांत त्रिपाठी ने भी नौकरी लगने के लिए पैसे दिए थे।

## जगह-जगह हुए हवन-पूजन और भंडारे, भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी

# श्रद्धालुओं ने किया कन्या पूजन, मंदिरों में रही भक्तों की भीड़




**बैतूल।** दुर्गा नवमी पर शहर के मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। माता शेरावाली को मनाने के लिए हजारों लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। जगह-जगह हवन भंडारे का आयोजन करके कन्याभोज करवाया गया। मंदिरों में दुर्गा नवमी पर्व पर सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। कोठीबाजार, सदर, टिकारी, कालापाठा, गंज सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना करने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। यही क्रम शाम तक चलता रहा। दुर्गा नवमी पर्व पर महिलाओं ने माता शेरावाली का पूजन-अर्चन करके भोग चढ़ाया तथा सुहागिन महिलाओं ने माता को हरी चूड़ी और चुनरी चढ़ाई। शहर में सैकड़ों जगह सुख शांति और समृद्धि के लिए हवन तथा भंडारे का आयोजन किया गया। सार्वजनिक दुर्गा पंडालों के अलावा घरों में भी आहूतियां डाली गई। जिससे शहर में धर्ममय एवं सारा वातावरण हवनकुंड के धुएं से पवित्र हो गया।

### घरों में हुआ कन्या पूजन और भोजन

दुर्गा नवमी पर शहर के अधिकांश घरों में कन्या भोजन का आयोजन किया गया। माता के प्रतीक रूप में माने जाने वाली कन्याओं का घर-घर पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम कन्याओं के पैर पखार कर उन्हें तिलक लगाया और खीर पुड़ी का भोजन करवाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अपने सामर्थ्य के अनुसार कन्याओं को उपहार भेंट किये। इसके अलावा दुर्गा अष्टमी पर भी कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज के पहले लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मातारानी को चुनरी अर्पित की।

### कई स्थानों पर हवन-पूजन और भंडारे

शहर के सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में दुर्गा नवमी पर हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। माता मां मंदिर सहित अन्य स्थानों पर महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने शारदेय नवरात्र में जगत-जननी मातारानी को विराजित कर नौ-दिनों तक अपने सामर्थ्य के अनुसार उपासना की। पिछले नौ दिनों से श्रद्धा-भक्ति के साथ उपासना में लीन श्रद्धालुओं द्वारा लगातार आदिशक्ति मां दुर्गे की सेवा का सिलसिला चलायमान था और जैसे-जैसे पर्व समाप्ति की ओर बढ़ रहा था वैसे-वैसे भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था।

### दुर्गा नवमी पर हुए हवन-पूजन और भंडारे



**शाहपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर ग्राम भौरा में वैष्णो देवी समिति द्वारा नौ देवियों की स्थापना बस स्टैंड भौरा में की गई। वैष्णो देवी समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति द्वारा देवी स्थापना का यह 29 वां वर्ष है। वह पूरी श्रद्धा से देवी की स्थापना करते हैं। इस वर्ष सभी भक्तों के द्वारा नौ देवी की स्थापना की गई है। मूर्ति को शाहपुर के मूर्तिकार संतलाल प्रजापति के द्वारा बनाया गया है। आसपास के गांव से लोग नौ देवियों के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए यहां पहुंच रहे है। नवमी के दिन कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से गांव के लोगों ने पहुंचकर भंडारे एवं प्रसादी का लाभ प्राप्त किया।

### खेड़ापति मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

शाहपुर के प्राचीन मंदिर खेड़ापति दरबार में नवमी के पावन अवसर पर भारी संख्या में भक्तगण माता के पूजन के लिए पहुंचे। यह नगर का प्राचीन मंदिर है एवं पूरी आस्था के साथ यहां पर पूजन करने आते हैं। हर साल नवरात्रि पर भक्त देवी मां को जल अर्पित करते हैं एवं अष्टमी-नवमी के दिन विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। खेड़ापति मंदिर के पुजारी पंडित दीपक परसाई ने बताया कि पूरे 9 दिन यहां पर पूजा अर्चना आस्था श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए भक्तगण उपस्थित होते हैं एवं प्रसाद का लाभ प्राप्त करते हैं।

## संक्षेप खबर

### बापू और शास्त्री की जयंती मनाएगा सेवा दल

**माखन नगर।** 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की जयंती पर गुरुवार 10:30 बजे माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में महात्मा गांधीकी प्रतिमा पर समस्त कांग्रेस जन एकत्रित होकर पुष्पांजलि करेंगे एवं शास्त्री जी का स्मरण करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस के सेवादल के अध्यक्ष सुबोध दुबे ने बताया ब्लॉक सेवादल के बैनर तले यह आयोजन किया जा रहा है इसमें कांग्रेस ,सेवादल ,एवं महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस ,किसान कांग्रेस , काग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सादर आमंत्रित हैं ब्लॉकअध्यक्षराजेंद्र मुराड़िया वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र जोशी युवा नेता रत्नेश बडगूजर ने समस्त कांग्रेस जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### छात्र का राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में हुआ चयन



**पिपरिया।** शहर के एक के एक निजी विद्यालय के छात्र जयदीप साहु का चयन अंडर 19बालक वर्ग का चयन जम्मू कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिताके लिए किया गया है। खेल प्रशिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश शालेय फुटबॉल टीम का नेशनल कोचिंग कैंप विदिशा में आयोजित होने के बाद 6 अक्टूबर से जम्मू-कश्मीर में होने वाला है। जिसमें जयदीप साहु भाग लेंगे।इस अवसर पर संस्था से लेकर सभीलोग जनप्रतिनिधियों ने भी बधाई दी है। खेल समन्वयक अधिकारी प्रीतमसिंह सचिन पुरवइया अरविंद शर्मा आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं बधाई दी।

### जनजातीय बाहुल्य 6 गांव में बनाए गए केन्द्र

**माखन नगर।** जनजातिय समुदाय के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने तथा उनकी समस्या की मांग का निराकरण ग्राम में ही करने आदिवासी समुदाय के परिवार को रोजगार दिलाने सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने के लिए माखन नगर जनपद के 6 ग्राम में आदि सेवा केंद्र बनाए गए है।

## रामलीला मंचन से बच्चों को सिखाया भगवान श्रीराम का चरित्र

# स्कूल में दशहरा उत्सव की धूम, 15 फीट का रावण बना आकर्षण का केंद्र

नगर में शारदीय नवरात्र की धूम है। स्कूलो में भी बच्चों को रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने की सीख दी जा रही है वहीं बच्चों द्वारा रावण का पुतला दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का सबक सीखा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्य विनीता तिवारी द्वारा राम दरबार की पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संचालन रश्मि मालवी द्वारा किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें राम का पात्र अपराजिता दुबे, लक्ष्मण प्राप्ति चौहान, सीता आराध्या कीर, रावण अर्पित अहिरवार, राजा दशरथ कनिष्क गोस्वामी, नारद अर्पित तिवारी, हनुमान देवराज विश्वास, जटायु आनंद त्रिपाठी, मारिच अर्जित अहिरवार तथा अन्य छात्रों द्वारा निभाया।

विद्यालय की संचालिका समर्पिता सोनी ने नवरात्रि तथा विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवी दुर्गा की आराधना को समर्पित नौ रातों का पर्व नवरात्रि हिंदू संस्कृति और परंपरा में अत्यधिक महत्व रखता है। यह नवरात्रि का त्यौहार आध्यात्मिक नवीनीकरण, सांस्कृतिक उल्लास और सांप्रदायिक सद्भावना का समय है। इसमें मां दुर्गा की शक्ति और संकल्प को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान मेघा ठाकुर, प्रिया चौरे, अंबिका साहू, कामाक्षी दुबे, रीना गौर, सुधा सराठे, कौशिकी दुबे, अपर्णा श्रीवास्तव, प्रियंका जोशी, अजहर सर, राजेंद्र सर, राहुल सर आदि मौजूद रहे।

### जीनियस प्लानेट स्कूल में भी किया गया आयोजन

**इटारसी।** जीनियस प्लानेट स्कूल में दशहरा उत्सव को इस वर्ष भी विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा पूर्ण हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराने का एक सफल प्रयास भी रहा। उत्सव के दौरान स्कूल का माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने सामूहिक रूप से अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रावण के दस सिर और एक विशाल 15 फीट ऊंचा रावण बनाया। गरबा और सांस्कृतिक समागम दशहरा उत्सव को और अधिक रोमांचक और मनोरंजक बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूल के संचालक द्वय, जाफर एवं मनीता सिद्दीकी ने बताया कि इस प्रकार के सभी त्योहारों को मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सभी धर्मों के प्रति आस्था विकसित करना और उन्हें भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं की जानकारी प्रदान करना है। इस भव्य और सफल उत्सव के आयोजन में स्कूल के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## चरम पर पहुंचा दुर्गोत्सव, धार्मिक आयोजन बढ़ा रहे आकर्षण, सुहागिनों के देवी भजन व महाआरती आयोजन

**सोहागपुर।** सिंधी नवयुग संगठन द्वारा सिंधी गुरुद्वारे में स्थापित दुर्गा प्रतिमा स्थापना परिसर में राष्ट्र एवं धर्म प्रसंग आधारित प्रतियोगिताएं गत दिनों की गई। लकी किशनानी के अनुसार नन्हें बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में गुरुद्वारे के सामने बने उद्यान की दीवार पर चित्र बनाए। समिति सदस्यों ने बताया कि धर्मगत अन्य प्रतियोगिताएं भी की जा रही हैं। समिति सदस्य लकी किशनानी, अंकित मंगलानी, निशु इसरानी, गौतम देवानी, रवि इसरानी, दिव्यांश छाबड़िया, अंसलि छाबड़िया, माही छाबड़िया एवं अन्य सदस्य प्रतियोगिताएं संपन्न कराते हैं।



#### गरबा कर पाए इनाम

नगर के राजेंद्र वार्ड स्थित श्रीदेवी दुर्गोसव परिवार द्वारा पांडाल में गरबा आयोजन में प्रतिभागी बच्चों को निर्णय अनुसार पुरस्कार दिये गए। वहीं समिति ने मंगलवार रात महाआरती व भजन कार्यक्रम किये। बीएससी दुर्गोत्सव समिति की नियमित भव्य अष्ठारती परंपरा आकर्षण का केंद्र बनी है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों देवीभक्त पहुंचते हैं। बुधवार को महानवमीं पर अर्चना सांस्कृतिक संस्था ने दुर्गा प्रतिमा स्थापना परिसर में सुहागिनों के भजन व देवी पूजन कार्यक्रम किये। वहीं प्रतिमा स्थापना स्थलों पर हवन किए गए।

### विजयादशमी पर्व आज, होगा रावण दहन व आर्केस्ट्रा आयोजन



**सोहागपुर।** विजयादशमी पर्व पर आज मधुर मिलन दशहरा महोत्सव समिति सोहागपुर द्वारा सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। समिति अध्यक्ष अधिवक्ता देवांशु बीके शर्मा ने बताया कि समिति के 47 वें वार्षिक आयोजन की शुरुआत 51 फीट के रावण दहन से होगी। जो पलकमती नदी में किलापुरा रिपटे के समीप किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि इसके बाद रानी लक्ष्मीबाई मंच पर रात्रि लगभग नौ बजे से आर्केस्ट्रा एवरग्रीन नागपुर की प्रस्तुति होगी। जिसमें सेलिब्रिटी सिंगर स्वस्तिका ठाकुर व रवीश कुमार ग्रुप सहित उपस्थित होकर गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके पूर्व मुख्य बाजार में शाम सात बजे अखाड़े का विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। मधुर मिलन दशहरा महोत्सव समिति सोहागपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता देवांशु बीके शर्मा ने 47 वें वार्षिक आयोजन में उपस्थिति की क्षेत्रवासियों से अपील की है।

## वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह हुआ शुरू होंगी जागरुकता गतिविधियां

### समितियों के अध्यक्षों को दिलाई संरक्षण की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्रांतर्गत बुधवार एक अक्टूबर से वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह प्रारंभ किया गया है। सप्ताह अंतर्गत होने वाले वन्यजीव एवं वन संपदा सुरक्षा संबंधित कार्यक्रमों का समापन सात अक्टूबर को होगा।

बागड़ा बफर जोन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार की सुबह बफर जोन के परसापानी प्रवेश द्वार क्षेत्र में वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की गई। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम एफडी राखी नंदा के नेतृत्व एवं डीडी ऋषिभा नेताम के मार्गदर्शन में आयोजन की शुरुआत की गई है। रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी विलास डोंगरे से प्राप्त जानकारी अनुसार बागड़ा बफर परिक्षेत्र में समस्त ईको विकास समितियों के अध्यक्षों को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रेषित 'मानव वन्य जीव सह अस्तित्व ' थीम पर आधारित संदेश की प्रतियां दी गईं। साथ ही सभी अध्यक्षों को सम्मान स्वरूप रिजर्व प्रबंधन की ओर से अंग वस्त्र भी प्रदान किये गए। इस दौरान बागड़ा बफर जोन के प्रवेश द्वार परिसर व आसपास के क्षेत्र में सघन सफाई कार्यक्रम करते हुए क्षेत्र की सफारी भी सभी अध्यक्षों को कराई गई। कार्यक्रम का समापन वन्यजीव एवं वन संपदा सुरक्षा बाबत शपथ के साथ की गई।

#### होंगे आयोजन

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, ताकि बच्चों में वन संपदा, वन तथा वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति रुचि जागृत हो। एवं बच्चे यह संदेश भी समाज में प्रसारित कर सकें। इस वर्ष भी सप्ताह में प्रतियोगिता आयोजन की योजना है, जिस पर कार्य जारी है। पूरे सप्ताह अंतर्गत जन जागरूकता के विविध आयोजन रिजर्व प्रबंधन द्वारा किए जाएंगे।

### महाअष्टमी के दिन किया गया महाआरती का आयोजन



**पिपरिया।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 70 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। जिसमें अष्टमी के दिन सभी जगह हजारों श्रद्धालुओंके द्वारा महा आरती में शामिल होकर लाखों दीपक से महा आरती की गई तथा पूरे शहर को मिट्टीएव आटे के दीपक जलाकर सजाया गया तथा विशेष सिंगारकया गया। कुछ मंदिरोंमे 56 भोग भी लगाए गए। नगर के पुरानी बस्ती खेड़ापति मठ समितिके द्वारा सभी अनाजोंसे मां अन्नपूर्णा देवी को स्थापित किया गया है। तथा मूर्ति के चारों तरफ हरे-भरे जवारे बोल गए हैं। एक विशाल का प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह संदेश भी दे रही है कि अनाज के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मां अन्नपूर्णा स्थापित की गई है। खेड़ापति के पुजारी सुनीत पुरोहितनेबताया कि लगभग 200 वर्ष पुराना मां खेड़ापति का मठ है यहां प्रतिदिनहजारों की संख्या में लोक दर्शन को आतेहै। कलाकारों के द्वारा 3 माह में मूर्ति को तैयार किया गया था। तथा मूर्तिविशेष आकर्षण का केंद्र बनीहुई है। समितिके अध्यक्ष रघुराज वर्मा,रवि, सहित अन्य सभी शामिल हुए हैं।

## स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत की गई खून की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 1 अक्टूबर स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एनीमिया रोकथाम एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पचमढ़ी से आए हुए डॉ ऋषिभा पंथी एवं डॉ तन्मय मालवीया द्वारा एनीमिया की रोकथाम, लक्षण एवं बचाव पर महत्वपूर्ण जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग से आई हुई टीम के मयंक कातिया तथा अरुण वर्मा द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का रक्त तथा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्राचार्य एवं अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर एवं आभार डॉ सत्य प्रकाश पटेल के द्वारा किया गया कार्यक्रम में डॉ शाफिया जहरा,डॉ अनुज डोनीवाल, महाविद्यालय कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## वन परिक्षेत्र अधिकारी से परेशान कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया बनखेड़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी के खिलाफ वन विभागके वन पाल सहित सभी कर्मचारियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। शोषण करने के आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि वन परिक्षेत्र अधिकारी सुमितपांडे उनके अधिकारों का हनन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने डी एफ ओ,सीसीएफ सहित अन्य सभी उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। पिपरिया वन परिक्षेत्र मटकुली के कार्यालयमे फील्ड के कर्मचारी को बाबू का कार्य कराया जा रहा है। वैसे तो एसडीओ वन के कार्यालय में सेवा निवृत्त होने पर भी उसी फील्ड के वनपाल से लेखापाल का कार्य कराया जा रहा है।शरददुबे नामक कर्मचारी से यही कार्य पूरा हो गया है। कर्मचारियों ने अधिकारियों से जांच कराने की मांग कीहै। कर्मचारियों का कहना है सोहागपुर रहे बनखेड़ी विकासखंडके के साथ पिपरिया में भी कर्मचारियों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया जाता है। इस बारे में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुमितपांडे से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि फील्ड में काम करने के नाम पर कर्मचारियों के द्वारा गुमराह किया जाता है। फील्ड में मिलते नहीं है। फील्ड में काम करने कोलेकर हिदायत दी गई थी। इसलिए शिकायत की है।

## मालवीय ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने नवरात्रि पर किए गरबा सहित अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी की समस्त महिला मंडल पदाधिकारीयो ने सूरजगंज में चेतन, हीरा एवं संगीता मालवीय के निवास पर स्थापित प्रतिमा के पंडाल में एकत्रित होकर भजन कीर्तन किए। साथ ही सनातन धर्म के अंतर्गत अपनी परंपरा संस्कृति को अपने छोटे-छोटे प्रयासों से निरंतर आगे बढ़े ऐसा प्रयास किया। नवरात्रि के पावन पर्व में सुहाग की सामग्री समस्त सुहागिन को वितरण की। विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजीका तरुणा सोनी, अर्चना मालवीय एवं उनकी समस्त सदस्यों द्वारा शस्त्र पूजा की गई। महिला मंडल की सभी मातृशक्तियों एवं सूरज गंज की मात्र शक्तियों द्वारा गरबा किया। मातारानी का आशीर्वाद लिया। जिसमें महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय, संरक्षक ममता मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, सीमा विश्वकर्मा, वरिष्ठ सलाहकार निर्मला मालवीय, रीना मालवीय, अनीता मालवीय, उषा मालवीय शकुन मालवीय एवं समस्त महिला मंडल एवं सूरजगंज की मातृशक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।




## पचमढ़ी आइफिल टावर रूपी पंडाल में माता रानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पर्यटन नगरी पचमढ़ी में इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की धूम कुछ खास अंदाज में देखने को मिल रही है। यहां के (पंडाल का स्थान, जैसे मुख्य बाजार/ग्राउंड) में स्थापित माता रानी का पंडाल आकर्षण का केंद्र बन गया है, जिसे पेरिस के विश्व प्रसिद्ध एफिल टावर की भव्य प्रतिकृति का रूप दिया गया है। हजारों लाइटों से जगमगाता यह 50 फीट ऊँचा (या जितनी ऊँचाई हो) ढाँचा दूर से ही लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। पंडाल समिति ने इस अनूठी थीम को साकार करने के लिए नवरात्र से पूर्व ही कार्य शुरू कर दिया था। पंडाल समिति के अध्यक्ष राजा झा ने बताया, ₹हम हर साल कुछ नया करना चाहते हैं। इस बार हमने सोचा कि पचमढ़ी एक पर्यटन स्थल है, तो क्यों न विश्व के एक बड़े आकर्षण को यहां लाया जाए। यह पंडाल सिर्फ एक सजावट नहीं, बल्कि कला और आस्था का एक अद्भुत संगम है।

### बंगाली समाज ने धूमधाम मनाया नवरात्र उत्सव

## महाष्टमी पर हुई मां की बंगाली रीति से पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महाअष्टमी को संधिपूजा में 108 कमल के पुष्पों से पूजा की गई संध्या में हुई धुनुची आरती हुई।आज महाअष्टमी की पूजा में सुबह महाष्टमी की पूजा प्रारंभ हुई जिसमें बंगाली समाज के सभी परिवार के लोगों ने बिटिया स्वरूप माँ दुर्गा को वस्त्र, फूल, फल, मिठाई से पूजा की। उसके पश्चात हुई संधि पूजा में मां दुर्गा की मां चामुंडा रूप में पूजा की जाती है जिसमें 108 कमल के पुष्पों से और 108 दीपकों से माँ की आरती की गई और भूरे कुम्हड़े का बलिदान दिया गया। माँ को प्रसन्न करने के लिए यह पूजा बहुत महत्वपूर्ण पूजा रहती है तत्पश्चात संध्या को समाज के सभी लोगों ने मिलकर धुनुची नृत्य कर माँ को प्रसन्न करने के लिए आनंद उत्सव मनाया। पूरे धूमधाम के साथ में संपूर्ण बंगाली समाज इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष करता चला रहा है जो इस बार 31 वर्ष में



आयोजित हो रहा है अग्निहोत्री गार्डन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कल महानवमी को हवन पूजन और भोग भंडारा के साथ में कन्या पूजन का आयोजन भी किया जाएगा तत्पश्चात दशमी को सिंदूर खेला उत्सव और दर्पण विसर्जन का कार्यक्रम रहेगा।

## पचमढ़ी में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत यह विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और परिवार तथा समाज में उनकी सशक्त भूमिका को और मज़बूत करना है।

इस शिविर में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, परामर्श और उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। मातृ स्वास्थ्य, पोषण, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल, कैंसर की समय पर जाँच, तथा अन्य स्त्री रोग संबंधी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया

इस शिविर में लगभग 60 से ज्यादा मरीजों ने स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श का लाभ उठाया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 38 वर्षीय युवक की मौत

**हरदा।** मंगलवार रात ग्राम चौकड़ी के पास एक सड़क हादसे में 38 वर्षीय अमरसिंह कोरकू की मौत हो गई। वह देवी दर्शन करके अपने गांव लौट रहे थे। अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी। गंभीर स्थिति में उन्हें खिरकिया अस्पताल ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिवार के अनुसार, हादसा एक मोड़ पर हुआ, जब बाइक से लौटते समय एक आइसर वाहन ने उन्हें टक्कर मारी, जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं।

### आईटीआई हरदा में संगोष्ठी संपन्न

**हरदा।** शासकीय आईटीआई हरदा में सोमवार को विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रशिक्षण अधिकारी एवं विशेष वक्ता एच.आर. कंसलटेंट दीपक डोंगरे, संस्था के सभी व्यवसायों के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बालक बालिका उपस्थित थे। संगोष्ठी में डोंगरे ने विद्यार्थियों को विकसित भारत विषय पर जानकारी दी।

### परिवहन विभाग में फेसलेस सेवाओं का विस्तारीकरण

**सीहोर।** परिवहन विभाग में फेसलेस सेवाओं का विस्तारीकरण का मकसद पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यावसायिक दक्षता के साथ सेवाओं का विस्तार करना है। कार्यक्रम में हेलमेट एवं राहवीर पुरस्कार वितरण, फेसलेस सेवाओं पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा।

### किसान भुगतान पाने अपने बैंक खाते आधार से तत्काल लिंक कराएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री कृषि उन्नती योजना के अंतर्गत कृषकों की आय संवर्धन एवं आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों में से जिले के किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक न होने के कारण समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसान के बैंक खाते में नहीं किया गया था। मुख्यमंत्री कृषि उन्नती योजना 2024 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान आधार लिंक खाते में किया जाएगा।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 35 आवेदनों पर जनसुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील एवं जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# गरबा महोत्सव में दिखा देशभक्ति का रंग हजारों लोगों ने लिया गरबे का आनंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

पूरे शहर में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा उत्सव की धूम देखने को मिल रही है। शहर के विभिन्न मैदानों और स्कुलों के ग्राउंड में युवाओं और महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा खेलकर नगर में उत्सव का माहौल बना दिया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के भंडारी पब्लिक स्कूल के मैदान में आयोजित शहर के एकमात्र सार्वजनिक गरबा महोत्सव ने मंगलवार की रात एक अलग ही दृश्य प्रस्तुत किया। अष्टमी के दिन महोत्सव में 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक दिखी, जब पूरा मैदान तिरंगे के रंग और 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। हजारों परिवारों की मौजूदगी में गरबा महोत्सव ने धार्मिकता और राष्ट्रभक्ति का संगम पेश किया। परिवारों और बच्चों ने गरबे के साथ-साथ देशभक्ति के गीतों पर थिरकते हुए उत्सव का भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम का आयोजन लगातार तीन दिनों तक विशेष थीम पर हुआ। सप्तमी के अवसर पर सोमवार को 'पिंक थीम' गरबा हुआ, जिसमें महिलाओं पर पुष्पवर्षा कर मातृशक्ति का सम्मान किया गया। आयोजकों ने मंच से किसी एक महिला को विशेष सम्मान देने के बजाय सभी मातृशक्ति को समान रूप से नमन किया। अष्टमी पर केसरिया थीम के अंतर्गत आयोजित गरबे में युवक-युवतियों के साथ-साथ पूरे परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महोत्सव में सिर्फ परिवारों को प्रवेश दिया गया, जिससे पारिवारिक वातावरण और भी सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल और निजी एजेंसी के गार्ड तैनात रहे। साथ ही, मुख्य सड़क पर पार्किंग की व्यवस्था और मैदान में फूड जोन ने दर्शकों की सुविधाओं को और सहज बना दिया।

## देवी के नौ रूपों का पूजन कर गरबा का किया आयोजन



**हरदा।** पिनेकल स्कूल में नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान कन्याओं ने देवी रूप में सजकर देवी के नौ रूपों की सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं विद्यालय परिसर में बनाए गए पंडाल में जमकर गरबा भी किया। इसके पहले संचालक सुल्ताना खान ने कन्याओं का पूजन कर आरती की। कन्याओं के कुँकुम लगे पैरों को सफेद वस्त्र पर लिए गए। कन्याओं के कुंकुम से बने पैरों के निशान सुंदर लग रहे थे। मानो देवी का विद्यालय में प्रवेश हो रहा है। संचालक सुल्ताना खान ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है। इस दौरान साधना से आत्मशुद्धि एवं मानसिक विकास भी होता है। गरबा उत्सव एवं कन्या पूजन नवीन परिसर में भी किया गया। यहां गीतों पर गरबा नृत्य किया गया। इस दौरान देवी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कन्याओं ने सुंदर परिधान पहनकर सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यालय परिवार ने देवी की महाआरती कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

## गरबा स्थल पहुंचकर कुछ कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर के नमामि कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर मंगलवार को गरबा का कार्यक्रम चल रहा था। सूचना मिली कि यहां बिना अनुमति के सामूहिक गरबा किया जा रहा है। इस पर बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने हंगामा किया और कार्यक्रम बंद करने की मांग की।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि लड़के और लड़कियां एक साथ नृत्य कर रहे थे। कुछ लोग गैर-हिन्दू भी गरबे में शामिल थे। साथ ही, कुछ लोग शराब के नशे में थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर लड़कियों को बाहर निकाला और लड़कों के आधार कार्ड चेक किए। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने सभी लोगों के आधार कार्ड देखे। थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने कहा कि आयोजन की अनुमति 1 अक्टूबर तक पहले से ली गई थी। मौके पर कोई शराब पीकर उपस्थित नहीं मिला। करीब एक घंटे तक विवाद चला। इसके बाद पुलिस ने सभी युवकों और युवतियों को सुरक्षित बाहर निकाला। गरबा कार्यक्रम बंद करवा दिया गया। आयोजनकर्ता राशी पाहुजा ने कहा कि उन्होंने प्रशासन से अनुमति ली थी। बजरंग दल के मयूर मराठा ने बताया कि तीसरी मंजिल पर लाइट और दीवार की कमी थी। इससे अंधेरे में हादसे का खतरा था। उन्होंने कहा कि प्रशासन को अनुमति देने से पहले स्थल का निरीक्षण करना चाहिए।

बजरंग दल के मयूर मराठा ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि नमामि कॉम्प्लेक्स में सूफिया खान और कमलेश पाहुजा द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा था। शिकायत में कहा गया कि इस आयोजन में कुछ असमाजिक तत्व शराब के नशे में शामिल हो रहे थे और आयोजकों ने मुस्लिम लड़कों को भी प्रवेश दिया। इस वजह से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि गरबा के दौरान आयोजन स्थल पर क्रिकेट और वॉलीबॉल जैसे खेल भी हो रहे थे। मयूर मराठा का कहना है कि इन गतिविधियों से उनकी धार्मिक परंपराओं का अपमान हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सूफिया खान और कमलेश पाहुजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आस्था का केंद्र है मुर्गी घाटी का मंदिर कन्या भोज का हुआ आयोजन



**रहटगांव।** क्षेत्र सहित सभी जगह नवरात्र पर्व मनाया गया। जिसके चलते नवरात्रि के पावन पर्व पर देव स्थलों का और भी महत्व बढ़ जाता है। भक्त अपनी मनोकामनाओं को लेकर देव स्थलों में पहुंचते हैं। जिसमें वनांचल की मुर्गी घाटी मंदिर भी शामिल है। यहां मां विंध्यवासिनी का काफी पुराना मंदिर है। जहां पर क्षेत्र के भक्तों के अलावा अन्य जिलों के भक्त भी यहाँ आकर अपनी मनोकामना को लेकर मन्नते मांगते हैं।

रहटगांव तहसील से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम आंबा के पास यह मंदिर विगत 48 वर्ष पहले जमीन के नीचे खुदाई के दौरान मिला था। यहां सैकड़ों वर्ष पूर्व प्राचीन मूर्ति निकली थी, जिसकी स्थापना पुजारी शिवगुरु सोनी द्वारा कराई गई। मुर्गी घाटी पर प्राचीन देवी का मंदिर है जहां नवरात्रि में विशेष आयोजन होते हैं। मंदिर के पुजारी सोनी को सन् 1975 में सपने में मां विजया देवी ने दर्शन देकर कहा कि मैं उस स्थान पर ठहरी हूं। उस स्थान पर जाओ और मुझे निकालो। 16 अप्रैल 1978 को यहां पर प्रथम बार नवरात्रि का आयोजन किया गया। यहां पर मां विंध्यवासिनी देवी मुर्गी पर विराजमान है। इसलिए यह मंदिर मुर्गी घाटी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पर मां विंध्यवासिनी के मंदिर के अलावा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, लक्ष्मी जी, काली जी ,भैरव बाबा, दाजी बाबा ,दाना बाबा, क्षेत्रपाल बाबा के मंदिर भी स्थित है। इस मुर्गी घाटी मंदिर के सामने वर्षों से 10 फिट का गहरा कुआं है जिसमें 12 महीने पानी भरा रहता है। भक्तों ने बताया कि इस कुएं का पानी हमेशा साफ और स्वच्छ और शीतल रहता है। भीषण गर्मी में भी इस कुएं में पानी की कभी कमी नहीं आई है। मंगलवार को विशाल कन्या भोजन के साथ ही सैकड़ो की संख्या में मां के भक्त इस भंडारे में पहुंचे।

# उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ पथ संचलन स्थल का भूमिपूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरदा नगर की सभी 12 बस्तियों में पथ संचलन स्थल का भूमिपूजन स्वयंसेवकों के परिवारों एवं समाज की सज्जनशक्ति की उपस्थिति में श्रद्धामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रत्येक बस्ती से पथ संचलन निकलेगा। जिसके लिए तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। यह आयोजन हिंदू समाज की संगठित शक्ति, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश देने वाला होगा।

इस अवसर पर उपस्थित संघ कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने संकल्प लिया कि अधिक से अधिक संख्या में पथ संचलन में सम्मिलित होकर समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रभक्ति का प्रसार करेंगे। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि हम सभी एकजुट होकर भारत को विश्व में सिरमौर बनाएंगे और घर-घर जाकर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाएँगे।



भूमिपूजन कार्यक्रम ने जनमानस में यह भावना जागृत की कि जब हम संगठित होकर राष्ट्र के लिए खड़े होते हैं, तब हमारी शक्ति असीमित हो जाती है। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्वयंसेवकों ने लक्ष्य लिया है कि संपूर्ण हिंदू समाज संघमय और भारतमय बने। इसी उद्देश्य से प्रत्येक हिंदू परिवार से सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### 12 स्थानों से निकलेगा पथ संचलन

नगर में 12 स्थानों से पथ संचलन निकाला जाएगा। जिसमें खेड़ापति बस्ती संत रविदास चौक से, विट्ठल बस्ती नार्मदीय धर्मशाला के पास, परशुराम बस्ती प्रताप सिटी, खाटू श्याम बाबा मंदिर के पास से, विवेकानंद बस्ती छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से, माधव बस्ती, पेड़ी घाट, प्राचीन शंकर मंदिर से निकाली जाएगी। इसी प्रकार महाराणा प्रताप बस्ती का सिंधी कॉलोनी से, गोविंद कुंज बस्ती का सत्यवीर तेजाजी महाराज चौक से, संत सिंगाजी महाराज बस्ती के बाहेती कॉलोनी से, देव कॉलोनी बस्ती, शिवम् वाटिका परिसर से सुभाष बस्ती, द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल ग्राउंड से, और शिवाजी बस्ती का डिग्री कॉलेज से तथा केशव बस्ती का गोपीकृष्ण गार्डन से संचालन निकलेगा।

# खाद्य सुरक्षा मानकों का दिया प्रशिक्षण




**हरदा।** नगर पालिका परिषद हरदा के सभागृह में मंगलवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले 69 पथ विक्रेता हितग्राही को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के प्रतिनिधि द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में हितग्राहियों को स्वच्छता, पैकेजिंग व स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ताकि वे अपने व्यवसाय को और अधिक कुशल कर सके एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण अपना सके। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार, सिटी मैनेजर तरुण पाटिल, हरिओम गुर्जर, स्वच्छता शाखा प्रभारी दीपक सोनाली उपस्थित थे।

# भावांतर भुगतान योजना में किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

प्रदेश सरकार ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू की है। इस योजना के तहत किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक होगा। सोयाबीन विक्रय अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर योजना की जानकारी दी। बैठक में मांधाता विधायक नारायण पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, उपसंचालक कृषि नितेश यादव सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। यदि किसानों को मंडियों में इससे कम दाम मिलता है तो न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडी के मॉडल भाव के अंतर की राशि सरकार सीधे किसानों के आधार से जुड़े खातों में जमा कराएगी।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में भी किसानों को योजना के बारे में बताया जाएगा। कलेक्टर ने जानकारी दी कि सभी मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक मंडी के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा। योजना के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यापारियों के स्टॉक की रियल टाइम जानकारी का सत्यापन कराया जाएगा। साथ ही मंडियों में सोयाबीन के मॉडल रेट की सतत निगरानी की जाएगी, ताकि अनावश्यक गिरावट न हो।

**नाम परिवर्तन सूचना**

अंशु जायसवाल पिता अजय जायसवाल जाति कलाल आयु 19 वर्ष निवासी इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 11 छीपाबड़ तहसील खिरकिया जिला हरदा मध्य प्रदेश निवासी अंग्रेजी में मेरा नाम Anshu jayaswal s नाम Ajay Jayaswal दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा अंग्रेजी में नाम Anshu Jaiswal s/o Ajay jaiswal अंकित है यह दोनों नाम मेरे ही है इन दोनों के नाम से मैं एक ही व्यक्ति हूं मुझे इन दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है । भविष्य में मुझे Anshu jaiswal S/o ajay jaiswal नाम से ही जाना पहचाना जाए ।

## रावण दहन से पूर्व बुरहानपुर और हरदा के कलाकारों के बीच होगा आतिशबाजी का मुकाबला

# एसएन कॉलेज ग्राउंड पर होगा रावण दहन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

नगर में नवरात्रि पर्व धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। दुर्गा अष्टमी पर मंदिरों में महाआरती और दुर्गा नवमी पर हवन पूजन व कन्या भोज का आयोजन हुआ। अब विजयादशमी पर शहर में रावण दहन कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। 2 अक्टूबर को शहर के विभिन्न स्थलों पर रात्रि में रावण दहन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम गोलमाल बाबा एसएन कॉलेज ग्राउंड, दुध तलाई नेहरू स्कूल ग्राउंड, नवचंडी धाम मेला क्षेत्र, स्टेडियम ग्राउंड और भवानी माता मंदिर प्रांगण सहित अन्य स्थानों पर होगा।



गोलमाल बाबा दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि रावण दहन से पूर्व बुरहानपुर के अश्विनी चौहान और हरदा के मूसा भाई के बीच भव्य आतिशबाजी मुकाबला होगा। विजेता को 11 हजार रुपए नकद और सम्मान प्रदान किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष बलराम वर्मा ने बताया कि इस वर्ष रावण का पुतला 71 फीट ऊंचा होगा जबकि मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले 21-21 फीट ऊंचे तैयार किए गए हैं।

गोलमाल बाबा राम मंदिर का धार्मिक महत्व विशेष माना जाता है। यहां भगवान भोलेनाथ, मां दुर्गा, भगवान श्रीराम और हनुमान की प्राचीन प्रतिमाएं स्थापित हैं। दशहरे के अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन कर सोना-चांदी चढ़ाते हैं। कार्यक्रम रात 9:15 बजे एसएन कॉलेज ग्राउंड पर होगा। इसके पूर्व आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल होंगे। कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता अमर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम पाल सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, भाजपा नेता परमजीत सिंह नारंग और पार्षद ज्योति कन्हैयावर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे।